International Journal for Multidisciplinary Research (IJFMR)
E-ISSN: 2582-2160 ● Website: www.ijfmr.com ● Email: editor@ijfmr.com

# सेल्युलॉइड पर मौन गांधी: हिन्दी सिनेमा में प्रत्यक्ष से अधिक परोक्ष उपस्थिति का अध्ययन

**Manas Kumar Mishra**

Research Scholar, Medieval and Modern History

**सार**

प्रस्तुत शोध प्रत्र हिन्दी सिनेमा में महात्मा गांधी की उपस्थिति के स्वरूप और उसकी विविध परतों का विवेचन करता है। यह एक विचारणीय विरोधाभास है कि जिस महापुरुष ने स्वयं सिनेमा को नैतिक दृष्टि से संदेहास्पद माना, उन्हीं गांधी जी की उपस्थिति स्वतंत्र भारत के सिनेमाई इतिहास में अनवरत बनी रही है। यह शोध यह स्थापित करना चाहता है कि गांधी जी का प्रत्यक्ष चित्रण  अर्थात् पर्दे पर गांधी के रूप में किसी अभिनेता का दिखाई देना अत्यंत सीमित चलचित्रों में हुआ है, किन्तु उनके मूल विचार, उनका दर्शन और उनके सिद्धांत हिन्दी सिनेमा की व्यापक धारा में सर्वत्र व्याप्त रहे हैं। इस अध्ययन में कुल इक्कीस चयनित हिन्दी चलचित्रों का गुणात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है, जिनमें छः प्रत्यक्ष गांधी-चित्रण वाली तथा पंद्रह परोक्ष गांधीवादी विषयवस्तु वाली चलचित्रें शामिल हैं। चयनित चलचित्र-समूह में परोक्ष गांधीवादी उपस्थिति प्रत्यक्ष उपस्थिति की तुलना में ढाई गुना अधिक पाई गई, जो यह संकेत देती है कि हिन्दी सिनेमा में गांधी की परोक्ष उपस्थिति प्रत्यक्ष चित्रण से कहीं अधिक व्यापक है। इस शोध में गांधीवादी सिनेमा का पाँच स्तरीय विश्लेषणात्मक वर्गीकरण प्रस्तावित किया गया है। यह भी दर्शाया गया है कि गांधी की 'मौन उपस्थिति' हिन्दी सिनेमाकारों की एक सचेत सांस्कृतिक रणनीति रही है।

**मुख्य शब्द :** गांधी, हिन्दी सिनेमा, गांधीवाद,  चलचित्र अध्ययन, शैक्षणिक वर्गीकरण, गांधीवादी नायक, सांस्कृतिक रणनीति

## 1. प्रस्तावना

### 1.1 गांधी और सिनेमा का संबंध

महात्मा गांधी और सिनेमा का संबंध जितना रोचक है, उतना ही विरोधाभासी भी। एक ओर जहाँ गांधी जी ने अपने जीवनकाल में चलचित्र को नैतिक दृष्टि से संदेहास्पद माना और इसे जनमानस को पथभ्रष्ट करने वाला माध्यम समझा, वहीं दूसरी ओर स्वाधीनता के पश्चात् भारतीय सिनेमा ने उन्हें अपनी नैतिक और सांस्कृतिक चेतना का आधार बना लिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि यह माध्यम जनता के मन को भ्रष्ट करने में सक्षम है। फिर भी चलचित्र ने उन्हें अपने भीतर किसी न किसी रूप में सदा जीवित रखा। भारतीय जनमानस में गांधी के प्रति जो आदर और जिज्ञासा है, उसने सिनेमाकारों को बार-बार उनकी ओर खींचा।

यह विरोधाभास ही इस शोध की मूल प्रेरणा है। गांधी जी के सिनेमा-विरोध के बावजूद, भारतीय सिनेमाकारों ने उनके जीवन और विचारों को बार-बार अपनी चलचित्रों में ढालने का प्रयास किया। कभी वे सीधे पर्दे पर उतरे और कभी उनके मूल्य किसी अनजाने नायक के आचरण में प्रकट हुए। कभी उनका नाम लिया गया और कभी उनके विचार नाम लिए बिना ही चलचित्र की आत्मा बन गए।

### 1.2 शोध का औचित्य

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े प्रतीक पुरुष के रूप में गांधी जी का नाम और उनके विचार स्वाभाविक रूप से कला और साहित्य के विभिन्न रूपों में प्रतिबिंबित हुए। चलचित्र, जो जनसंचार का सबसे व्यापक और प्रभावशाली माध्यम है, इससे अछूता नहीं रह सका। किन्तु एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठता है – क्या गांधी जी का सिनेमाई प्रतिनिधित्व केवल उन चलचित्रों तक सीमित है जिनमें वे पात्र के रूप में दिखते हैं? या उनका प्रभाव कहीं अधिक गहरे और व्यापक स्तर पर काम करता है? क्या गांधी की मौन उपस्थिति एक सचेत रणनीति है? यह शोध इन्हीं प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास है।

### 1.3 शोध की समस्या

अब तक के अधिकांश अकादमिक अध्ययन या तो गांधी पर बनी प्रत्यक्ष चलचित्रों तक सीमित रहे हैं अथवा उन्होंने सिनेमाई गांधीवाद को केवल राजनीतिक दृष्टि से परखा है। गांधी की 'परोक्ष उपस्थिति' को एक स्वतंत्र और केंद्रीय शोध श्रेणी के रूप में पर्याप्त अध्ययन नहीं मिला। न ही गांधीवादी सिनेमा का कोई सुस्पष्ट शैक्षणिक वर्गीकरण उपलब्ध है। यही इस शोध की केंद्रीय समस्या है।

**मुख्य शोध समस्या**

*"गांधी हिन्दी सिनेमा में शारीरिक रूप से कम दिखाई देते हैं, परंतु उनका दार्शनिक प्रभाव सिनेमाई नैतिक ढाँचे में सर्वत्र विद्यमान है – इस कथन को शैक्षणिक प्रमाणों द्वारा सिद्ध करना, गांधीवादी सिनेमा का एक शैक्षणिक वर्गीकरण प्रस्तुत करना और गांधी की 'मौन उपस्थिति' को एक सांस्कृतिक रणनीति के रूप में व्याख्यायित करना – यह इस शोध का मूल उद्देश्य है।"*

## 2. साहित्य समीक्षा

### 2.1 गांधी और सिनेमा का मूल संबंध: एक आलोचनात्मक दृष्टि

किसी भी शोध में साहित्य समीक्षा का आरंभ उस केंद्रीय विरोधाभास से होना चाहिए जो शोध को जन्म देता है। इस शोध का वह विरोधाभास यह है – गांधी जी स्वयं सिनेमा को पसंद नहीं करते थे, फिर भी उनका सिनेमा पर गहरा प्रभाव पड़ा। इस विरोधाभास को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि गांधी जी ने सिनेमा के बारे में क्या सोचा था।

गांधी जी (१९२७) ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि एक बार उन्होंने एक चलचित्र देखा और उसके नैतिक प्रभाव को लेकर उन्हें गहरी चिंता हुई। उनका मानना था कि चलचित्र जनसाधारण की कामुकता, आलस्य और भटकाव को बढ़ाता है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा में चलचित्र के उपयोग का विरोध किया। उनके लिए सिनेमा एक 'पश्चिमी व्याधि' थी जो सभ्यता के नाम पर भारतीय मूल्यों को क्षति पहुँचाती है। परेख (१९८९) ने गांधी के इस दृष्टिकोण को उनके व्यापक 'आधुनिक सभ्यता-विरोध' के अंग के

रूप में देखा है – गांधी के लिए रेलगाड़ी, अस्पताल और सिनेमा सभी उस यंत्र-सभ्यता के प्रतीक थे जो मनुष्य को अपनी आत्मा से काट देती है।

किन्तु यहाँ एक सूक्ष्म बात ध्यान देने योग्य है। गांधी जी सिनेमा से जो डरते थे – भावनाओं को उभारने और जनता पर तीव्र प्रभाव डालने की उसकी क्षमता – वही क्षमता उन्हें सिनेमाई प्रतिनिधित्व के लिए सबसे उपयुक्त विषय भी बनाती थी। नंदी (१९९५) की इस अंतर्दृष्टि के अनुसार, जो विचार जनमानस की गहराइयों में उतरना चाहते हों, वे सिनेमा जैसे भावनात्मक माध्यम में स्वाभाविक रूप से प्रकट होते हैं। गांधी जी के विचार – अहिंसा, सत्य, न्याय – ठीक ऐसे ही विचार हैं। इसीलिए सिनेमा ने गांधी को अपनाया, भले ही गांधी ने सिनेमा को नहीं अपनाया।

**2.2 प्रत्यक्ष गांधी चलचित्रों पर पूर्व शोध**

गांधी जी को सीधे पर्दे पर दर्शाने वाली चलचित्रों पर सबसे अधिक अकादमिक ध्यान दिया गया है। कौशिक (२०२०) ने अपनी पुस्तक 'महात्मा गांधी और सिनेमा' में यह विश्लेषित किया कि जीवनी आधारित चलचित्र अनिवार्यतः किसी एक दृष्टिकोण को केंद्र में रखती हैं और इस प्रक्रिया में गांधी की जटिलता को सरल कर देती हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 'गांधी' (१९८२) ने अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए गांधी की जो छवि बनाई, वह मूलतः एक 'नैतिक संत' की छवि थी, न कि एक राजनीतिक कर्मवीर की।

राजाध्यक्ष और विलेमेन (१९९९) के विश्वकोश में ऐसी चलचित्रों का ऐतिहासिक अभिलेख उपलब्ध है जिनमें गांधी प्रत्यक्ष पात्र के रूप में दिखाई देते हैं। किन्तु यह विश्वकोश मुख्यतः तथ्यात्मक है, विश्लेषणात्मक नहीं। चक्रवर्ती (१९९३) ने यह दिखाया कि स्वतंत्रता पश्चात् के हिन्दी सिनेमा में राष्ट्रीय नेताओं – विशेषतः गांधी और नेहरू की छवियाँ किस प्रकार राष्ट्रीय पहचान के निर्माण में सहायक हुईं। उनके अनुसार ये छवियाँ 'राष्ट्र-निर्माण की सांस्कृतिक परियोजना' का अंग थीं।

इन सभी शोधों की समीक्षात्मक सीमा यह है कि वे गांधी की 'दृश्य उपस्थिति' – अर्थात् पर्दे पर दिखने – को ही गांधीवादी सिनेमा की कसौटी मानते हैं। इससे एक बड़ा और अधिक महत्त्वपूर्ण प्रश्न छूट जाता है वे चलचित्रें जिनमें गांधी दिखते नहीं, क्या वे गांधीवादी नहीं हो सकतीं?

**2.3 परोक्ष गांधीवादी सिनेमा पर पूर्व शोध**

परोक्ष गांधीवादी सिनेमा पर शोध की स्थिति तुलनात्मक रूप से कमज़ोर है, किन्तु कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य हुए हैं। प्रसाद (१९९८) का योगदान इस दिशा में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने यह स्थापित किया कि स्वतंत्रता पश्चात् हिन्दी सिनेमा की कथा संरचना मूलतः एक 'नैतिक युद्ध' की संरचना है – जिसमें सत्य बनाम असत्य, धर्म बनाम अधर्म का संघर्ष है। यह संरचना अनायास ही गांधीवादी है, यद्यपि प्रसाद ने इसे गांधीवाद के नाम से नहीं जोड़ा।

वासुदेवन (२०००) ने यह दिखाया कि हिन्दी सिनेमा की भावनात्मक संरचना में परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति नायक की नैतिक जिम्मेदारी एक केंद्रीय तत्त्व है। यह जिम्मेदारी-बोध और नैतिक कर्तव्य की भावना गांधीवादी विचारधारा के मूल में है। मिश्रा (२००२) ने 'बॉलीवुड सिनेमा' में यह विश्लेषित किया कि हिन्दी चलचित्र अपने दर्शकों के 'नैतिक आदर्श' को प्रतिबिंबित और निर्मित दोनों करती हैं। निगम (२०२३) ने राजेश खन्ना की चलचित्रों के विश्लेषण के माध्यम से यह स्थापित किया कि हिन्दी सिनेमा के प्रमुख नायकों के व्यक्तित्व में गांधीवादी नैतिकता और सादगी का स्पष्ट प्रतिबिंब है।

विर्दी (२००३) ने भारतीय लोकप्रिय चलचित्रों को 'सामाजिक इतिहास के दर्पण' के रूप में देखते हुए यह रेखांकित किया कि जब-जब समाज में सामाजिक अन्याय का प्रश्न उठा, हिन्दी सिनेमा ने उसे गांधीवादी नैतिक भाषा में अभिव्यक्त किया। भट्टाचार्य मेहता (२०१०) ने 'बॉलीवुड और वैश्वीकरण' में यह विश्लेषण किया कि हिन्दी सिनेमा की वैचारिक संरचना में राष्ट्रीय मूल्यों की गहरी जड़ें हैं यह अवधारणा इस शोध की मूल स्थापना के सर्वाधिक निकट है।

**2.4 गांधीवादी नायक की परंपरा पर पूर्व शोध**

हिन्दी सिनेमा के नायक के स्वरूप पर व्यापक शोध हुआ है, किन्तु 'गांधीवादी नायक' को एक स्वतंत्र श्रेणी के रूप में देखने का प्रयास बहुत कम हुआ है। चक्रवर्ती (१९९३) ने स्वतंत्रता-उत्तर काल के नायक को 'राष्ट्रीय वीर' की श्रेणी में रखा और यह दिखाया कि यह नायक अपने व्यक्तिगत हितों को समाज के हितों के लिए बलिदान करता है – यह गांधी के 'स्व की मृत्यु' के सिद्धांत का ही सिनेमाई रूप है।

प्रसाद (१९९८) के अनुसार सन् १९७० के दशक से 'एंग्री यंग मैन' की जो परंपरा आई, वह गांधीवादी नायक से एक विचलन था। किन्तु यह विचलन भी पूर्ण नहीं था क्योंकि वह नायक भी अंततः न्याय के लिए लड़ता था, हिंसा उसका साधन था, लक्ष्य नहीं। नंदी (१९९५) की अंतर्दृष्टि और भी सूक्ष्म है उनके अनुसार हिन्दी सिनेमा का नायक भले ही हिंसक दिखे, उसकी आंतरिक नैतिक यात्रा सदा गांधीवादी मूल्यों की पुष्टि करती है। गांती (२००४) ने समकालीन हिन्दी सिनेमा में नायक के परिवर्तन को वैश्वीकरण के संदर्भ में देखा, किन्तु यह नहीं दर्शाया कि गांधीवादी नैतिकता इस परिवर्तन में किस प्रकार जीवित रही।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि पूर्व शोधों ने हिन्दी सिनेमा के नायक की नैतिकता को रेखांकित तो किया, किन्तु उसे गांधीवादी नायक की विकास यात्रा के रूप में एक सुव्यवस्थित ढाँचे में नहीं देखा। यह शोध उस रिक्ति को भरता है।

**2.5 शोध अंतराल और इस शोध का मौलिक योगदान**

उपर्युक्त साहित्य समीक्षा से पाँच स्पष्ट अंतराल सामने आते हैं। पहला पूर्व शोधों ने गांधी की 'दृश्य उपस्थिति' को गांधीवादी सिनेमा की एकमात्र कसौटी माना है; 'परोक्ष उपस्थिति' को एक स्वतंत्र और समृद्ध श्रेणी के रूप में नहीं देखा गया। दूसरा गांधीवादी सिनेमा का कोई सुव्यवस्थित और स्तरीय शैक्षणिक वर्गीकरण अभी तक उपलब्ध नहीं है प्रत्यक्ष बनाम परोक्ष से आगे कोई वर्गीकरण नहीं हुआ। तीसरा गांधीवादी नायक की सन् १९४७ से सन् २०२५ तक की विकास यात्रा को एक अखंड और तुलनात्मक ढाँचे में कभी नहीं देखा गया।

चौथा गांधी की 'मौन उपस्थिति' को एक सचेत सांस्कृतिक रणनीति के रूप में अर्थात् यह पूछना कि सिनेमाकारों ने जानबूझकर गांधी को नाम न देकर भी उनके मूल्यों को क्यों अपनाया – यह प्रश्न किसी पूर्व शोध ने केंद्र में नहीं रखा। पाँचवाँ गांधी के अपने सिनेमा-विरोध और सिनेमा में उनकी उपस्थिति के बीच के विरोधाभास को एक शोध समस्या के रूप में गंभीरता से नहीं लिया गया।

**इस शोध का मौलिक स्थान**

यह शोध उपर्युक्त पाँचों अंतरालों को एक साथ संबोधित करने का प्रयास करता है। यह न केवल यह दिखाता है कि गांधी 'परोक्ष रूप से कहाँ हैं', बल्कि यह भी समझने का

प्रयास करता है कि 'वे परोक्ष क्यों हैं' और 'यह परोक्षता किस प्रकार काम करती है।' गांधीवादी सिनेमा का पाँच स्तरीय विश्लेषणात्मक वर्गीकरण, गांधीवादी नायक के विकास की छः चरणीय यात्रा और 'मौन उपस्थिति' की सांस्कृतिक रणनीति के रूप में व्याख्या – ये तीनों इस शोध के प्रस्तावित योगदान हैं जिन्हें भविष्य के शोध द्वारा और परखा जा सकता है।

## 3. शोध उद्देश्य

1. यह विश्लेषण करना कि महात्मा गांधी, जो स्वयं सिनेमा के समर्थक नहीं थे, फिर भी हिन्दी सिनेमा में उनकी उपस्थिति किस प्रकार निर्मित हुई और वह किन रूपों में प्रकट हुई।
2. यह दिखाना कि गांधी जी का प्रत्यक्ष चित्रण अत्यंत सीमित चलचित्रों में हुआ है, किन्तु उनके विचार, सिद्धांत और दर्शन अधिकांश हिन्दी चलचित्रों में परोक्ष रूप से व्याप्त रहे हैं।
3. यह स्पष्ट करना कि गांधी की अनुपस्थिति के बावजूद उनका प्रभाव भारतीय सिनेमा की कथावस्तु, पात्र निर्माण और नैतिक संरचना में निरंतर विद्यमान रहता है।
4. विभिन्न कालखंडों में गांधीवादी विचारों की सिनेमाई अभिव्यक्ति की परिवर्तनशीलता और विकास को समझना।
5. प्रत्यक्ष और परोक्ष गांधीवादी सिनेमा के बीच एक सुस्पष्ट शैक्षणिक वर्गीकरण प्रस्तुत करना तथा गांधी की 'मौन उपस्थिति' को एक सचेत सांस्कृतिक रणनीति के रूप में व्याख्यायित करना।

## 4. शोध प्रश्न

- गांधी जी प्रत्यक्ष रूप से हिन्दी सिनेमा की कितनी चलचित्रों में चित्रित हुए हैं और उनके चित्रण का स्वरूप क्या रहा है?
- क्या गांधीवादी विचार हिन्दी चलचित्रों की नैतिक एवं कथात्मक संरचना में अंतर्निहित हैं?
- सन् १९५० से २०२५ तक हिन्दी सिनेमा में गांधी की सिनेमाई छवि किस प्रकार परिवर्तित हुई है?
- क्या गांधी की 'मौन उपस्थिति' हिन्दी सिनेमा में एक सचेत सांस्कृतिक रणनीति है?
- हिन्दी सिनेमा में गांधीवादी नायक की परिकल्पना किस प्रकार विकसित हुई है?

## 5. शोध पद्धति

### 5.1 शोध का स्वरूप

प्रस्तुत शोध गुणात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का है। इसमें व्याख्यात्मक शोध प्रतिमान का उपयोग किया गया है। शोधकर्ता ने चलचित्रों को एक सांस्कृतिक पाठ के रूप में देखा है। सिनेमा को यहाँ केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और नैतिक चेतना का प्रतिबिंब माना गया है।

### 5.2 चलचित्र चयन एवं न्यायोचितता

इस अध्ययन में कुल इक्कीस चलचित्रों का चयन किया गया है। इनमें छः प्रत्यक्ष गांधी-चित्रण वाली तथा पंद्रह परोक्ष गांधीवादी विषयवस्तु वाली चलचित्रें शामिल हैं। चयन के आधार निम्नलिखित थे :

- प्रत्यक्ष श्रेणी: ऐसी चलचित्रें जिनमें गांधी जी स्वयं एक पात्र के रूप में दिखाई दें।

- परोक्ष श्रेणी: ऐसी चलचित्रें जिनमें अहिंसा, सत्य, सत्याग्रह, ग्राम स्वराज अथवा सामाजिक न्याय की विशिष्ट विषयवस्तु हो।
- समयावधि: सन् १९४७ से सन् २०२५ तक की हिन्दी भाषा की प्रमुख और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित चलचित्रें।
- प्रतिनिधित्व: प्रत्येक कालखंड से कम से कम दो-तीन चलचित्रें ली गई हैं ताकि ऐतिहासिक परिवर्तन का अध्ययन हो सके।

### 5.3 विश्लेषण के आधार

- पाठ्य एवं दृश्य विश्लेषण – चलचित्र के दृश्यों, संवादों और प्रतीकों का विच्छेदन।
- तुलनात्मक अध्ययन – प्रत्यक्ष और परोक्ष गांधी चलचित्रों की परस्पर तुलना।
- कालानुक्रमिक विश्लेषण – सन् १९५० से २०२५ तक के कालखंडों में गांधीवादी विचारों का परिवर्तन।
- नायक विश्लेषण – गांधीवादी नैतिक ढाँचे के आधार पर चलचित्री नायकों का अध्ययन।

सांस्कृतिक रणनीति विश्लेषण – निर्देशकों के रचनात्मक निर्णयों का अध्ययन।

### 5.4 सामग्री स्रोत

- प्राथमिक स्रोत: चयनित इक्कीस चलचित्रों का प्रत्यक्ष अवलोकन – संवाद, पात्र विकास और कथानक संरचना सहित।
- द्वितीयक स्रोत: सत्यापित पुस्तकें, अनुक्रमित शोध पत्रिकाएँ और भारतीय सिनेमा पर उपलब्ध आलोचनात्मक लेख।
- तृतीयक स्रोत: गांधी जी के स्वयं के लेखन और उन पर लिखी प्रमाणिक जीवनियाँ।

### 5.5 विश्लेषण कूटीकरण ढाँचा

परोक्ष गांधीवादी उपस्थिति को मापने के लिए निम्नलिखित छः मानकों पर आधारित एक कूटीकरण ढाँचा विकसित किया गया है। प्रत्येक परोक्ष चलचित्र का इन छः मानकों के आधार पर पाठ्य विश्लेषण किया गया और जिस चलचित्र में इनमें से कम से कम तीन मानकों की स्पष्ट उपस्थिति पाई गई, उसे 'गांधीवादी' माना गया :

| क्र. | गांधीवादी मानक | सिनेमाई संकेतक | उदाहरण चलचित्र |
|---|---|---|---|
| १ | अहिंसा | नायक हिंसा से बचता है, अहिंसक पीड़ा सहता है | दो बीघा ज़मीन, पिंक |
| २ | सत्याग्रह | सत्य के लिए संघर्ष, व्यक्तिगत जोखिम उठाना | अनुच्छेद १५, जॉली एल एल बी |
| ३ | ग्राम स्वराज / स्वदेशी | ग्रामीण जीवन का सम्मान, स्वावलम्बन का संदेश | स्वदेस, मंथन, दो बीघा ज़मीन |
| ४ | सामाजिक न्याय | जाति, लिंग, वर्ग के अन्याय का प्रतिकार | अंकुर, पिंक, अनुच्छेद १५ |

| क्र. | गांधीवादी मानक | सिनेमाई संकेतक | उदाहरण चलचित्र |
|---|---|---|---|
| ५ | नैतिक दृढ़ता | प्रलोभन या दबाव में नायक का नैतिक रूप से टिके रहना | तलवार, जागते रहो, गुलाबो सिताबो |
| ६ | गांधीवादी संवाद/प्रतीक | प्रत्यक्ष उद्धरण, चरखा, खादी, लाठी आदि का प्रतीकात्मक उपयोग | लगे रहो मुन्नाभाई, रंग दे बसन्ती |

उपर्युक्त छः मानकों में से प्रत्येक परोक्ष चलचित्र में कम से कम तीन की स्पष्ट उपस्थिति के आधार पर इस शोध की पंद्रह परोक्ष चलचित्रों का चयन किया गया है। यह कूटीकरण ढाँचा पाठ्य विश्लेषण को एक व्यवस्थित और दोहराने योग्य आधार प्रदान करता है।

### 5.6 विश्वसनीयता एवं वैधता

इस शोध की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए गए हैं : प्रथम, प्रत्येक चलचित्र का विश्लेषण पूर्वनिर्धारित छः गांधीवादी मानकों के आधार पर किया गया, जिससे व्याख्या की सुसंगति बनी रहे। द्वितीय, प्रत्येक निष्कर्ष को चलचित्र के विशिष्ट संवाद, दृश्य या पात्र व्यवहार से जोड़ा गया है। तृतीय, तुलनात्मक पद्धति के अंतर्गत प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों प्रकार की चलचित्रों का समान ढाँचे में विश्लेषण किया गया। यह शोध गुणात्मक प्रकृति का होने से सांख्यिकीय वैधता की अपेक्षा नहीं की जाती, तथापि पाठ्य विश्लेषण की पारदर्शिता और पुनरावर्तनीयता इसकी वैधता का आधार है।

तलवार (२०१५), गुलाबो सिताबो (२०२०) और जॉली एल एल बी (२०१३) जैसी चलचित्रों को गांधीवादी चलचित्र-समूह में सम्मिलित करने के पीछे कूटीकरण ढाँचे का तर्क यह है : तलवार में सत्य की खोज और न्याय व्यवस्था की विफलता के विरुद्ध नैतिक संघर्ष (मानक ५ और ४ उपस्थित) है; गुलाबो सिताबो में सादगी, संतोष और मानवीय गरिमा का गांधीवादी जीवन-दर्शन (मानक ५ और ३ उपस्थित) है; जॉली एल एल बी में कमजोर के लिए सत्याग्रह और न्याय की लड़ाई (मानक २, ३ और ५ उपस्थित) है। प्रत्येक में तीन या अधिक मानक पाए गए अतः ये चलचित्र-समूह में सम्मिलित की गईं।

## 6. चयनित चलचित्रों की सूची

### 6.1 प्रत्यक्ष गांधी चलचित्रें

| क्र. | चलचित्र (वर्ष) | निर्देशक | प्रकार | गांधी संबंध |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गांधी (१९८२) | रिचर्ड एटनबरो | जीवनी | गांधी जी की सम्पूर्ण जीवन यात्रा, बेन किंग्सले द्वारा अभिनीत, आठ अकादमी पुरस्कार विजेता |

| क्र. | चलचित्र (वर्ष) | निर्देशक | प्रकार | गांधी संबंध |
|---|---|---|---|---|
| 2 | हे राम (२०००) | कमल हासन | ऐतिहासिक | गांधी-हत्या से पूर्व का परिदृश्य, नसीरुद्दीन शाह ने गांधी की भूमिका निभाई |
| 3 | द मेकिंग ऑफ द महात्मा (१९९६) | श्याम बेनेगल | जीवनी | दक्षिण अफ्रीका में प्रारंभिक जीवन, राजित कपूर अभिनीत, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता |
| 4 | गांधी, माय फादर (२००७) | फिरोज़ अब्बास खान | पारिवारिक | पुत्र हरिलाल का संघर्ष, दर्शन जरीवाला (गांधी), अक्षय खन्ना (हरिलाल) |
| 5 | सरदार (१९९३) | केतन मेहता | ऐतिहासिक | गांधी-पटेल का ऐतिहासिक संबंध, अन्नू कपूर ने गांधी की भूमिका निभाई |
| 6 | मैंने गांधी को नहीं मारा (२००५) | जाह्नु बरुआ | मनोवैज्ञानिक | स्मृतिभ्रंश से ग्रस्त प्रोफेसर (अनुपम खेर), गांधीवादी विचारों के क्षरण की थीम |

**6.2 परोक्ष गांधीवादी चलचित्रें**

| क्र. | चलचित्र (वर्ष) | निर्देशक | प्रकार | गांधी संबंध |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लगे रहो मुन्नाभाई (२००६) | राजकुमार हिरानी | प्रतीकात्मक | गांधीगिरी – दिलीप प्रभावलकर ने गांधी की भूमिका निभाई, गांधीवाद का आधुनिक पुनर्प्रस्तुतीकरण |
| 2 | दो बीघा ज़मीन (१९५३) | बिमल रॉय | विचारधारात्मक | किसान शोषण, अहिंसक पीड़ा, गांधीवादी भूमि दर्शन, कान्स में पुरस्कृत |
| 3 | बूट पॉलिश (१९५४) | प्रकाश अरोड़ा | नैतिक | बाल श्रम और मानवीय गरिमा, गांधीवादी नैतिकता |
| 4 | मदर इण्डिया (१९५७) | महबूब खान | नैतिक | त्याग, नैतिकता, भूमि संबंध, गांधीवादी स्त्री दर्शन |

| क्र. | चलचित्र (वर्ष) | निर्देशक | प्रकार | गांधी संबंध |
|---|---|---|---|---|
| 5 | जागते रहो (१९५६) | शम्भु मित्र | विचारधारात्मक | सामाजिक न्याय, व्यवस्था विरोध, गांधीवादी प्रतिरोध |
| 6 | अंकुर (१९७४) | श्याम बेनेगल | विचारधारात्मक | जातीय उत्पीड़न, मानवाधिकार, गांधीवादी समता दर्शन |
| 7 | मंथन (१९७६) | श्याम बेनेगल | विचारधारात्मक | ग्राम स्वराज, सहकारिता, गांधीवादी ग्राम दर्शन |
| 8 | स्वदेस (२००४) | आशुतोष गोवारिकर | विचारधारात्मक | ग्राम विकास, स्वदेशी, गांधीवादी आत्मनिर्भरता |
| 9 | रंग दे बसन्ती (२००६) | राकेश ओमप्रकाश मेहरा | प्रतीकात्मक | नागरिक जागरण, गांधी बनाम क्रांतिकारी का द्वंद्व |
| 10 | पीपली लाइव (२०१०) | अनुषा रिज़वी | विचारधारात्मक | किसान संकट, मीडिया व्यंग्य, गांधीवादी ग्राम यथार्थ |
| 11 | जॉली एल एल बी (२०१३) | सुभाष कपूर | नैतिक | न्याय, सत्य, गांधीवादी न्याय दर्शन |
| 12 | तलवार (२०१५) | मेघना गुलज़ार | नैतिक | न्याय व्यवस्था की विफलता, सत्य की खोज |
| 13 | पिंक (२०१६) | अनिरुद्ध रॉय चौधरी | नैतिक | स्त्री गरिमा, सत्याग्रह, न्याय, आधुनिक गांधीवाद |
| 14 | अनुच्छेद पंद्रह (२०१९) | अनुभव सिन्हा | विचारधारात्मक | जातीय भेदभाव, सामाजिक न्याय, गांधीवादी समानता |
| 15 | गुलाबो सिताबो (२०२०) | शूजित सरकार | नैतिक | सादगी, संतोष, गांधीवादी जीवन शैली |

## 7. विश्लेषण एवं विवेचन

### 7.1 खंड अ – प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व

#### *7.1.1 गांधी (१९८२) – रिचर्ड एटनबरो*

रिचर्ड एटनबरो की 'गांधी' (१९८२) किसी भी सिनेमाई परंपरा में गांधी चित्रण का सबसे विस्तृत और प्रामाणिक उदाहरण है। बेन किंग्सले ने गांधी की भूमिका में ऐसी स्वाभाविकता और तपस्वी गरिमा का प्रदर्शन किया कि यह भूमिका आज भी अद्वितीय मानी जाती है। चलचित्र में दांडी मार्च, असहयोग आंदोलन, विभाजन की पीड़ा और गांधी की हत्या तक की यात्रा को जीवंत किया गया है। इस चलचित्र

ने वैश्विक स्तर पर गांधी की दृश्यमान छवि स्थापित की और आठ अकादमी पुरस्कार प्राप्त किए। कौशिक (२०२०) के अनुसार यह चलचित्र गांधी की विरासत को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचाने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही।

***7.1.2 हे राम (२०००) – कमल हासन***

कमल हासन निर्देशित 'हे राम' में गांधी की हत्या के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य को अत्यंत संवेदनशीलता से दर्शाया गया है। नायक साकेत राम पहले गांधी को विभाजन का दोषी मानकर उनकी हत्या का संकल्प लेता है, किन्तु अंततः उन्हीं के अहिंसा दर्शन से प्रभावित होकर अपना निर्णय बदल देता है। यह चलचित्र दिखाती है कि गांधी की विचारधारा उन लोगों को भी बदल देती है जो उनके विरोधी थे।

***7.1.3 गांधी, माय फादर (२००७) – फिरोज़ अब्बास खान***

अनिल कपूर द्वारा निर्मित यह चलचित्र गांधी के व्यक्तित्व के उस पहलू को उजागर करती है जिसे सिनेमा ने प्रायः अनदेखा किया था। दर्शन जरीवाला ने गांधी को और अक्षय खन्ना ने पुत्र हरिलाल को मार्मिक ढंग से अभिव्यक्त किया। 'राष्ट्रपिता बनाम पारिवारिक पिता' का द्वंद्व इस चलचित्र की मूल संरचना है।

***7.1.4 मैंने गांधी को नहीं मारा (२००५) – जाह्नु बरुआ***

जाह्नु बरुआ निर्देशित और अनुपम खेर अभिनीत यह चलचित्र स्मृतिभ्रंश के माध्यम से यह संदेश देती है कि आधुनिक भारत में गांधी के विचारों का जो क्षरण हो रहा है, वह एक प्रकार का सामाजिक स्मृतिभ्रंश ही है। चलचित्र की एक समीक्षा में भी यह रेखांकित किया गया कि यह चलचित्र गांधीवादी आदर्शों के समसामयिक क्षरण पर गहरी टिप्पणी करती है।

**7.2 खंड ब – परोक्ष उपस्थिति: मूल विश्लेषण**

***7.2.1 लगे रहो मुन्नाभाई (२००६) – गांधीगिरी का आविष्कार***

राजकुमार हिरानी की यह चलचित्र हिन्दी सिनेमा में गांधीवाद के सबसे सर्जनात्मक पुनर्प्रस्तुतीकरण का उदाहरण है। दिलीप प्रभावलकर ने गांधी की एक प्रेतात्मा जैसी उपस्थिति को इतनी सहजता से जीवंत किया कि दर्शक उन्हें वास्तविक गांधी मान बैठे। 'गांधीगिरी' शब्द इस चलचित्र ने गढ़ा और यह तुरंत जन भाषा का हिस्सा बन गया। सूरी (२०१९) के अनुसार हिन्दी सिनेमा का नायक सदा गांधीवादी नैतिकता के ढाँचे में ही प्रेम, त्याग और न्याय के प्रश्नों से जूझता है – यह चलचित्र उस परंपरा का सबसे लोकप्रिय और स्पष्ट उदाहरण है।

***7.2.2 दो बीघा ज़मीन (१९५३) – श्रम और भूमि दर्शन***

बिमल रॉय की यह कालजयी चलचित्र स्वतंत्रता के बाद के भारत में किसान जीवन की पीड़ा को बड़ी सादगी के साथ दर्शाती है। बलराज साहनी द्वारा अभिनीत नायक शंभू की अहिंसक पीड़ा और नैतिक दृढ़ता गांधीवादी सत्याग्रह के ही रूप हैं। इस चलचित्र में गांधी का नाम नहीं आता, किन्तु पूरी चलचित्र गांधीवादी मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। मिश्रा (२००२) ने लिखा है कि ऐसी चलचित्रें भारतीय सिनेमा की 'नैतिक कल्पना' की नींव रखती हैं।

***7.2.3 स्वदेस (२००४) – स्वदेशी और ग्राम विकास***

आशुतोष गोवारिकर की 'स्वदेस' गांधी के स्वदेशी और ग्राम स्वराज के सिद्धांतों को इक्कीसवीं सदी में प्रस्तुत करती है। अमेरिका के एक वैज्ञानिक का अपनी जड़ों की ओर लौटना और एक गाँव में

विकास के प्रयास – यह कथा गांधी के उस सपने को आधुनिक भाषा में कहती है जिसमें भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है।

***7.2.4 रंग दे बसन्ती (२००६) – गांधी और क्रांति का द्वंद्व***

राकेश ओमप्रकाश मेहरा की यह चलचित्र गांधी और क्रांतिकारी विचारधारा के बीच आधुनिक युवाओं की दुविधा को उकेरती है। फिल्म में गांधी की भौतिक उपस्थिति नहीं है, किन्तु उनका विचार बार-बार संवादों में जीवंत होता है।

***7.2.5 अनुच्छेद पंद्रह (२०१९) – समता और न्याय***

अनुभव सिन्हा की यह चलचित्र जाति भेदभाव की कठोर वास्तविकता को सामने रखती है। एक आदर्शवादी पुलिस अधिकारी दलित उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ता है। यह परोक्ष गांधीवाद का एक नवीन और साहसी स्वरूप है – जहाँ गांधी का नाम नहीं है, किन्तु उनकी नैतिक संरचना पूरी कथा को थामे हुए है।

***7.2.6 गांधी की 'मौन उपस्थिति' एक सांस्कृतिक रणनीति के रूप में***

यह शोध प्रश्न संख्या चार का सीधा उत्तर है – क्या गांधी की 'मौन उपस्थिति' हिन्दी सिनेमा में एक सचेत सांस्कृतिक रणनीति है?

इस शोध का निष्कर्ष यह है कि यह उपस्थिति कम-से-कम दो स्तरों पर काम करती है। पहला स्तर है सचेत रणनीति – जब कोई निर्देशक सोच-समझकर गांधी को प्रत्यक्ष पात्र बनाने के बजाय उनके विचारों का उपयोग करता है। जैसे राजकुमार हिरानी ने 'लगे रहो मुन्नाभाई' में गांधी को एक प्रेतात्मा के रूप में दिखाया – यह एक सोचा-समझा रचनात्मक निर्णय था।

दूसरा स्तर है अचेत रणनीति – जब निर्देशक गांधी का नाम लिए बिना ऐसी नैतिक संरचना बनाते हैं जो स्वाभाविक रूप से गांधीवादी हो जाती है। जैसे बिमल रॉय की 'दो बीघा ज़मीन' में अहिंसक पीड़ा का चित्रण या श्याम बेनेगल की 'अंकुर' में जातीय अन्याय का विरोध। ये निर्देशक शायद गांधी को याद करके नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक स्मृति से जोड़कर यह संरचना बनाते थे।

यह सांस्कृतिक स्मृति का एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण है। गांधी भारतीय सामूहिक चेतना में इतनी गहराई से समाए हुए हैं कि जब भी कोई चलचित्र सामाजिक न्याय, अहिंसा या नैतिक प्रतिकार की थीम उठाती है, वह स्वाभाविक रूप से गांधीवादी हो जाती है। इसके अलावा, गांधी को प्रत्यक्ष पात्र बनाने से जो राजनीतिक विवाद उत्पन्न होता है, उससे बचते हुए उनके मूल्यों को कथा में शामिल करना एक बुद्धिमान सांस्कृतिक रणनीति भी है।

**7.2.7 प्रतिनिधित्व सिद्धांत और गांधी की परोक्ष उपस्थिति**

जमैकाई-ब्रिटिश सांस्कृतिक सिद्धांतकार स्टुअर्ट हॉल के प्रतिनिधित्व सिद्धांत (Representation Theory) के अनुसार किसी व्यक्ति या विचार की उपस्थिति केवल उसके प्रत्यक्ष दृश्य रूप तक सीमित नहीं होती, बल्कि भाषा, प्रतीकों, कथानक, संवादों तथा सांस्कृतिक अर्थ-निर्माण की प्रक्रिया के माध्यम से भी उसका प्रतिनिधित्व निर्मित होता है।इस दृष्टि से हिन्दी सिनेमा में महात्मा गांधी की उपस्थिति को केवल उन चलचित्रों तक सीमित नहीं माना जा सकता जिनमें वे प्रत्यक्ष पात्र के रूप में दिखाई देते हैं। अनेक चलचित्रों में गांधी का नाम या स्वरूप सीमित अथवा अनुपस्थित है, किन्तु उनके विचार, नैतिक आदर्श और सामाजिक दर्शन कथा की मूल संरचना में विद्यमान रहते हैं।'लगे रहो मुन्नाभाई' (२००६, निर्देशक: राजकुमार हिरानी) इसका सर्वाधिक प्रभावशाली उदाहरण है, जहाँ गांधी

का प्रतिनिधित्व केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के रूप में नहीं, बल्कि 'गांधीगिरी' के माध्यम से समकालीन सामाजिक व्यवहार और नैतिक चेतना के रूप में किया गया है। इसी प्रकार 'न्यूटन' (२०१७, निर्देशक: अमित वी. मसुरकर) में सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता, 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' (२०१७) में स्वच्छता, सामाजिक सुधार और जन-जागरण का आग्रह, 'सुई धागा' (२०१८) में स्वदेशी, श्रम की गरिमा और आत्मनिर्भरता का संदेश तथा 'गांधीगिरी' (२०१६, निर्देशक: सनोज मिश्रा) में अहिंसा, सत्य और मानवीय सद्भाव की पुनर्प्रतिष्ठा – ये सभी गांधीवादी चिंतन की परोक्ष अभिव्यक्तियाँ हैं।
इन चलचित्रों में गांधी की उपस्थिति किसी एक पात्र तक सीमित न होकर विचारों, मूल्यों और सांस्कृतिक संकेतों के माध्यम से निर्मित होती है। इस प्रकार स्टुअर्ट हॉल का प्रतिनिधित्व सिद्धांत इस शोध की मूल स्थापना को सैद्धांतिक आधार प्रदान करता है कि हिन्दी सिनेमा में गांधी की उपस्थिति केवल दृश्य नहीं, बल्कि वैचारिक, प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक भी है। इसलिए गांधी की 'मौन उपस्थिति' को उनके अभाव के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व के रूप में समझा जाना चाहिए जो प्रत्यक्ष दृश्यता से अधिक गहन और प्रभावशाली स्तर पर कार्य करता है।

**7.3 खंड स – कालखंडीय विकास (१९५०–२०२५)**

| कालखंड | प्रमुख चलचित्रें | गांधीवादी विषयवस्तु | नायक प्रकार |
|---|---|---|---|
| सन् १९४७–१९६९ (स्वर्णकाल) | दो बीघा ज़मीन, बूट पॉलिश, मदर इण्डिया, जागते रहो | राष्ट्र निर्माण, त्याग, ग्राम जीवन, नैतिकता, अहिंसक पीड़ा | आदर्शवादी नायक |
| सन् १९७०–१९८९ (समानांतर) | अंकुर, मंथन, अर्ध सत्य | जाति उत्पीड़न, ग्राम विकास, व्यवस्था विरोध | यथार्थवादी नायक |
| सन् १९९०–२००९ (उदारीकरण) | गांधी, स्वदेस, लगे रहो, हे राम | गांधीगिरी, स्वदेशी, पहचान संकट | द्वंद्वग्रस्त नायक |
| सन् २०१०–२०२५ (नव-यथार्थ) | अनुच्छेद १५, पिंक, गुलाबो सिताबो, तलवार | न्याय, स्त्री गरिमा, जाति समता | सक्रिय नागरिक नायक |

इस कालखंड विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि प्रत्येक युग में गांधीवादी विचार अपनी नई भाषा और नए संदर्भ के साथ प्रकट हुए हैं। सन् १९५० के दशक की राष्ट्र निर्माण की थीम सन् २०१० के दशक में नागरिक सक्रियता में बदल गई। रूप बदला, किन्तु मूल भावना – अन्याय का नैतिक और अहिंसक प्रतिकार – एक रही।

## 8. गांधीवादी सिनेमा का शैक्षणिक वर्गीकरण

यह इस शोध का एक प्रमुख विश्लेषणात्मक प्रस्ताव है। इक्कीस चयनित चलचित्रों के अध्ययन के आधार पर यह अध्ययन निम्नलिखित पाँच स्तरीय विश्लेषणात्मक वर्गीकरण प्रस्तुत करता है। यह वर्गीकरण गांधी की उपस्थिति के स्तर, विचारों की गहराई और सिनेमाई अभिव्यक्ति के प्रकार पर आधारित है तथा भविष्य के शोध में इसे और विस्तृत किया जा सकता है :

| श्रेणी | उपश्रेणी | उदाहरण चलचित्र | प्रमुख लक्षण |
|---|---|---|---|
| प्रत्यक्ष जीवनी आधारित | गांधी स्वयं मुख्य पात्र हैं | गांधी (१९८२), द मेकिंग ऑफ द महात्मा (१९९६) | गांधी पर्दे पर, जीवन की घटनाएँ केंद्र में |
| प्रत्यक्ष ऐतिहासिक | गांधी एक सहायक पात्र हैं | सरदार (१९९३), हे राम (२०००) | गांधी दिखते हैं, किन्तु केन्द्र में कोई और है |
| प्रतीकात्मक गांधीवादी | गांधी प्रतीक या प्रेतात्मा के रूप में | लगे रहो मुन्नाभाई (२००६) | गांधी की आत्मा दिखती है, शरीर नहीं |
| विचारधारात्मक गांधीवादी | गांधीवादी सिद्धांत कथानक की धुरी हैं | स्वदेस, अंकुर, मंथन, दो बीघा ज़मीन | गांधी का नाम नहीं, किन्तु विचार केंद्र में |
| नैतिक गांधीवादी | नायक का आचरण गांधीवादी है | पिंक, जॉली एल एल बी, तलवार, गुलाबो सिताबो | कोई उल्लेख नहीं, केवल नैतिक ढाँचा गांधीवादी |

इस वर्गीकरण की विशेषता यह है कि यह केवल चलचित्रों को सूचीबद्ध नहीं करता, बल्कि गांधी की उपस्थिति की गहराई और स्वरूप को परिभाषित करता है। पहली श्रेणी में गांधी सबसे प्रत्यक्ष हैं और पाँचवीं में सबसे परोक्ष। किन्तु पाँचों श्रेणियाँ मिलकर यह सिद्ध करती हैं कि हिन्दी सिनेमा गांधी के प्रभाव से कभी मुक्त नहीं हुआ।

## 9. हिन्दी सिनेमा में गांधीवादी नायक का विकास

हिन्दी सिनेमा में गांधीवादी नायक की परिकल्पना किस प्रकार विकसित हुई? इसका उत्तर निम्नलिखित छः चरणीय तालिका में प्रस्तुत है :

| कालखंड | चलचित्र | नायक प्रकार | गांधीवादी गुण | प्रतीकात्मक अर्थ |
|---|---|---|---|---|
| सन् १९४७-१९६० | दो बीघा ज़मीन (१९५३) | त्यागी किसान नायक | अहिंसक सहनशीलता, नैतिक दृढ़ता, भूमि से जुड़ाव | गांधीवादी ग्राम दर्शन का साकार रूप |
| सन् १९५५-१९६५ | मदर इण्डिया (१९५७) | नैतिक माता नायिका | त्याग, गरिमा, अन्याय से संघर्ष | गांधीवादी स्त्री दर्शन, धरती माता का रूपक |

| कालखंड | चलचित्र | नायक प्रकार | गांधीवादी गुण | प्रतीकात्मक अर्थ |
|---|---|---|---|---|
| सन् १९७०–१९८५ | मंथन (१९७६) | सामुदायिक नेतृत्व नायक | ग्राम स्वराज, सहकारिता, वंचितों का उत्थान | गांधीवादी ग्राम स्वराज का व्यावहारिक चित्रण |
| सन् १९८५–२००० | हे राम (२०००) | द्वंद्वग्रस्त नायक | हिंसा-अहिंसा का द्वंद्व, गांधी के प्रति खिंचाव | गांधी का विचार जीतता है, हिंसा पराजित होती है |
| सन् २०००–२०१० | स्वदेस (२००४), लगे रहो (२००६) | परिवर्तनकारी एवं गांधीगिरी नायक | स्वदेशी, ग्राम विकास, अहिंसा को आधुनिक समस्याओं पर लागू करना | गांधीवाद का व्यावहारिक और लोकप्रिय पुनर्जन्म |
| सन् २०१०–२०२५ | अनुच्छेद १५ (२०१९) | संवैधानिक न्याय नायक | जाति समता, सामाजिक न्याय, व्यवस्था से टकराव | गांधीवाद का संवैधानिक और क्रियाशील रूप |

इस विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि गांधीवादी नायक की परिकल्पना पीड़ित-सहनशील से सक्रिय-प्रतिकारी की ओर, ग्रामीण से नागरिक की ओर और व्यक्तिगत नैतिकता से सामूहिक न्याय की ओर विकसित हुई है। किन्तु मूल सूत्र – अन्याय का नैतिक और अहिंसक प्रतिकार – छहों चरणों में अपरिवर्तित रहा।

## 10. शोध निष्कर्ष

1. इस अध्ययन के चयनित इक्कीस चलचित्रों में से मात्र छः में गांधी जी प्रत्यक्ष पात्र के रूप में दिखाई देते हैं, जबकि शेष पंद्रह चलचित्रों में उनकी वैचारिक उपस्थिति परोक्ष रूप में पाई गई। इस प्रकार चयनित चलचित्र-समूह में परोक्ष गांधीवादी उपस्थिति प्रत्यक्ष उपस्थिति की तुलना में ढाई गुना अधिक है – यह प्रवृत्ति हिन्दी सिनेमा में गांधीवाद की व्यापक परोक्ष शक्ति का संकेत देती है।
2. गांधी की विचारधारा – अहिंसा, सत्य, सत्याग्रह, ग्राम स्वराज, स्वदेशी और सामाजिक न्याय – इस अध्ययन में चयनित पंद्रह परोक्ष चलचित्रों में से प्रत्येक में इन छः मूल्यों में से कम से कम तीन की स्पष्ट उपस्थिति पाठ्य विश्लेषण द्वारा रेखांकित की गई।
3. हिन्दी सिनेमा का आदर्श नायक मूलतः गांधीवादी नैतिक ढाँचे पर खड़ा है – चाहे वह गांधी को जाने या न जाने।

4. विभिन्न कालखंडों में गांधीवादी थीम का स्वरूप बदला – सन् १९५० के दशक के राष्ट्रीय आदर्शवाद से सन् २०२० के दशक की नागरिक सक्रियता तक – किन्तु अहिंसक प्रतिकार का मूल सूत्र छहों चरणों में अपरिवर्तित रहा।
5. 'लगे रहो मुन्नाभाई' (सन् २००६) ने 'गांधीगिरी' के माध्यम से गांधीवाद को इक्कीसवीं सदी में पुनर्जीवित किया। यह परोक्ष सिनेमाई गांधीवाद का सबसे सर्जनात्मक उदाहरण है।
6. इस अध्ययन के आधार पर गांधीवादी सिनेमा को पाँच विश्लेषणात्मक श्रेणियों में समझा जा सकता है : प्रत्यक्ष जीवनी आधारित, प्रत्यक्ष ऐतिहासिक, प्रतीकात्मक, विचारधारात्मक और नैतिक। यह पाँच स्तरीय वर्गीकरण भविष्य के शोध हेतु एक विश्लेषणात्मक प्रस्ताव है।
7. गांधीवादी नायक सन् १९५३ के त्यागी किसान से सन् २०१९ के संवैधानिक न्याय नायक तक की यात्रा में विकसित हुआ है – किन्तु अहिंसा और नैतिक दृढ़ता के गुण अपरिवर्तित रहे।
8. गांधी की 'मौन उपस्थिति' हिन्दी सिनेमा में एक सचेत और अचेत – दोनों प्रकार की – सांस्कृतिक रणनीति है। यह भारतीय सांस्कृतिक स्मृति में गांधी की गहरी जड़ों का प्रमाण है।

## 11. उपसंहार

इस शोध ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि महात्मा गांधी हिन्दी सिनेमा में 'दृश्यतः अनुपस्थित किन्तु वैचारिक रूप से सर्वत्र उपस्थित' हैं। यह उनकी 'मौन उपस्थिति' है – एक ऐसी उपस्थिति जो किसी चेहरे की नहीं, किसी विचार की है।

जब कोई किसान अपनी ज़मीन के लिए अहिंसक संघर्ष करता है, जब कोई नायक झूठ का प्रतिकार बिना हिंसा के करता है, जब कोई स्त्री पात्र अपनी गरिमा के लिए खड़ी होती है – तब गांधी का चेहरा पर्दे पर नहीं होता, किन्तु उनका विचार वहाँ जीवंत होता है।

इस शोध ने तीन प्रमुख विश्लेषणात्मक प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं – पहला, गांधीवादी सिनेमा का पाँच स्तरीय विश्लेषणात्मक वर्गीकरण; दूसरा, गांधीवादी नायक के विकास की छः चरणीय यात्रा; और तीसरा, गांधी की 'मौन उपस्थिति' को एक सचेत और अचेत सांस्कृतिक रणनीति के रूप में व्याख्यायित करना। ये तीनों प्रस्ताव भविष्य के शोधकर्ताओं के लिए एक संभावित विश्लेषणात्मक आधार प्रस्तुत करते हैं।

हिन्दी सिनेमा ने शायद अनजाने में ही सही, गांधी की विरासत को एक ऐसे माध्यम में संजोकर रखा है जिसे गांधी स्वयं पसंद नहीं करते थे। यह एक महान विरोधाभास है – और यही इस शोध की सबसे महत्त्वपूर्ण खोज भी।

**शोध के तीन विश्लेषणात्मक प्रस्ताव**

१. गांधीवादी सिनेमा का पाँच स्तरीय शैक्षिणिक वर्गीकरण (नवीन अकादमिक प्रस्ताव)
२. गांधीवादी नायक की छः चरणीय विकास यात्रा (सन् १९५३ से सन् २०२५ तक)
३. गांधी की 'मौन उपस्थिति' को एक सचेत एवं अचेत सांस्कृतिक रणनीति के रूप में व्याख्या

## संदर्भ सूची

**A. Books**

1. Bhattacharya Mehta, R., & Pandharipande, R. V. (Eds.). (2010). *Bollywood and globalization: Indian popular cinema, nation, and diaspora.* Anthem Press. https://doi.org/10.7135/UPO9781843318897
2. Chakravarty, S. S. (1993). *National identity in Indian popular cinema, 1947–1987.* University of Texas Press. ISBN: 978-0-292-71156-3
3. Daiya, K. (2008). *Violent belongings: Partition, gender, and national culture in postcolonial India.* Temple University Press. ISBN: 978-1-59213-743-1
4. Dwyer, R. (2006). *Filming the Gods: Religion and Indian cinema.* Routledge. ISBN: 978-0-415-31424-0
5. Dwyer, R., & Patel, D. (2002). *Cinema India: The visual culture of Hindi film.* Rutgers University Press. ISBN: 978-0-8135-3174-8
6. Gandhi, M. K. (1927). *An autobiography: The story of my experiments with truth.* Navajivan Publishing House.
7. Ganti, T. (2004). *Bollywood: A guidebook to popular Hindi cinema.* Routledge. ISBN: 978-0-415-28854-5
8. Kaushik, N. (2020). *Mahatma Gandhi in cinema.* Cambridge Scholars Publishing. ISBN: 978-1-5275-4706-3. https://www.cambridgescholars.com/product/978-1-5275-4706-3
9. Mishra, V. (2002). *Bollywood cinema: Temples of desire.* Routledge. ISBN: 978-0-415-93015-4
10. Mukherjee, D. (2020). *Bombay hustle: Making movies in a colonial city.* Columbia University Press.ISBN:978-0-231-19615-4. https://www.degruyterbrill.com/document/doi/10.7312/mukh19614/html
11. Nandy, A. (1995). *The savage Freud and other essays on possible and retrievable selves.* Princeton University Press. ISBN: 978-0-691-04410-1
12. Parekh, B. (1989). *Gandhi's political philosophy: A critical examination.* University of Notre Dame Press. ISBN: 978-0-268-01016-4
13. Prasad, M. M. (1998). *Ideology of the Hindi film: A historical construction.* Oxford University Press. ISBN: 978-0-19-565295-6. https://global.oup.com/academic/product/ideology-of-the-hindi-film-9780195652956
14. Rajadhyaksha, A., & Willemen, P. (1999). *Encyclopaedia of Indian cinema.* British Film Institute. ISBN: 978-0-85170-669-0
15. Suri, S. (2019). *A Gandhian affair: India's curious portrayal of love in cinema.* HarperCollins India. ISBN: 978-9-353-57080-4. https://harpercollins.co.in/product/a-gandhian-affair/
16. Vasudevan, R. S. (Ed.). (2000). *Making meaning in Indian cinema.* Oxford University Press. ISBN: 978-0-19-565645-3. https://india.oup.com/product/making-meaning-in-indian-cinema-9780195658675/
17. Virdi, J. (2003). *The cinematic ImagiNation: Indian popular films as social history*. Rutgers University Press. ISBN: 978-0-8135-3190-8

**B. Articles**

1. Nigam, H. (2023). Gandhi and Gandhi: Modernity, gender and reform in the films of Rajesh Khanna. *BioScope: South Asian Screen Studies, 14*(1), 34–58. https://doi.org/10.1177/09749276231170543
2. Mishra, K. (2016). Cinema, samaj aur Gandhi darshan [Cinema, society and Gandhi's philosophy]. *Bharatiya Cinema Adhyayan, 3*(4), 112–129.

3. Pandey, V. (2020). Lage raho Munna bhai: Gandhivaad ka sinemaee punarpaat [Lage Raho Munna Bhai: A cinematic re-reading of Gandhianism]. *Bharatiya Bhasha Patrika, 15*(1), 89–104.
4. Sharma, R. (2015). Hindi cinema mein Gandhivadi chetna [Gandhian consciousness in Hindi cinema]. *Hindi Anusheelan, 12*(3), 45–58.
5. Singh, A. K. (2018). Bharatiya cinema aur rashtriya pahchaan [Indian cinema and national identity]. *Sahitya Amrit*, *28*(2), 34–47.
6. Tripathi, S. (2017). Samaanantar Hindi cinema mein naitik dhaancha [Moral framework in parallel Hindi cinema]. *Cinema Adhyayan*, *5*(2), 23–39.
7. Varma, P. (2022). Aadhunik Hindi chalchitron mein Gandhivadi prateekvaad [Gandhian symbolism in modern Hindi films]. *Hindi Sahitya Sammelan Patrika*, *44*(1), 67–82.

**C. Filmography**

1. Attenborough, R. (Director). (1982). *Gandhi* [Film]. Columbia Pictures; National Film Development Corporation of India. https://www.imdb.com/title/tt0083987/
2. Roy, B. (Director). (1953). *Do bigha zameen* [Film]. Bimal Roy Productions. https://www.imdb.com/title/tt0045693/
3. Hirani, R. (Director). (2006). *Lage raho Munna Bhai* [Film]. Vinod Chopra Films. https://www.imdb.com/title/tt0456144/
4. Haasan, K. (Director). (2000). *Hey Ram* [Film]. Raaj Kamal Films International. https://www.imdb.com/title/tt0222012/
5. Benegal, S. (Director). (1974). *Ankur* [Film]. Blaze Film Enterprises. https://www.imdb.com/title/tt0071145/
6. Benegal, S. (Director). (1976). *Manthan* [Film]. Gujarat Co-operative Milk Marketing Federation. https://www.imdb.com/title/tt0074858/
7. Gowariker, A. (Director). (2004). *Swades* [Film]. UTV Motion Pictures. https://www.imdb.com/title/tt0367110/
8. Barua, J. (Director). (2005). *Maine Gandhi ko nahin mara* [Film]. Anupam Kher Productions. https://www.imdb.com/title/tt0454504/
9. Sinha, A. (Director). (2019). *Article 15* [Film]. Zee Studios. https://www.imdb.com/title/tt8299120/
10. Mehra, R. O. (Director). (2006). *Rang de Basanti* [Film]. UTV Motion Pictures. https://www.imdb.com/title/tt0405508/
11. Khan, F. A. (Director). (2007). *Gandhi, my father* [Film]. Anil Kapoor Films Company. https://www.imdb.com/title/tt0459293/
12. Mehta, K. (Director). (1993). *Sardar* [Film]. Sahyadri Films. https://www.imdb.com/title/tt0240879/
13. Masurkar, A. V. (Director). (2017). Newton [Film]. Drishyam Films. https://www.imdb.com/title/tt6484982/
14. Mishra, S. (Director). (2016). Gandhigiri [Film]. Vision India Productions. https://www.imdb.com/title/tt5893106/
15. Narayan Singh, S. (Director). (2017). Toilet: Ek Prem Katha [Film]. Viacom18 Motion Pictures; Friday Filmworks. https://www.imdb.com/title/tt5785170/
16. Kataria, S. (Director). (2018). Sui Dhaaga: Made in India [Film]. Yash Raj Films. https://www.imdb.com/title/tt7147540/